# मुझ पर डंपर चढ़वा देंगे खनन माफिया

## भोपाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने सरकार से मांगी सुरक्षा



**भोपाल, 18 जुलाई. भोपाल जिला पंचायत के उपाध्यक्ष और भाजपा नेता मोहन सिंह जाट ने सरकार से सिक्योरिटी गार्ड यानी, गनमैन मांगा है. उन्होंने कहा कि मैंने 11 जुलाई को हुई जिला पंचायत की बैठक में भोपाल में अवैध खनन का मुद्दा उठाया था. इसके बाद मुझे खनन माफिया से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं. कह रहे हैं कि मुझ पर डंपर चढ़वा देंगे.**

इसे लेकर उपाध्यक्ष जाट ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को लिखित शिकायत भी की है. जिसमें उन्होंने खनिज माफिया, ठेकेदार और बिल्डर्स से सुरक्षा के लिए गनमैन उपलब्ध कराने की बात कहीं. कलेक्टर सिंह ने बताया, जिपं उपाध्यक्ष ने आवेदन दिया है. इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी. 11 जुलाई को जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक में उपाध्यक्ष जाट ने जिले में बड़े पैमाने पर मुरम का अवैध खनन होने का मुद्दा उठाया था, जिसमें खनिज अधिकारी पर भी नाराजगी जताई थी. इसके बाद कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम और खनिज अधिकारी को खदानों के आसपास तार फेंसिंग कराने को कहा था. उपाध्यक्ष जाट ने बताया, कलेक्टर के निर्देश के बाद हुई कार्रवाई के बाद मुझे कुछ लोगों ने जान से मारने की धमकियां दी हैं. पीएचई विभाग के ठेकेदारों ने भी कुछ महीने पहले अभद्रता की थी. जिला पंचायत में ही राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा ली गई बैठक में भी मैंने अवैध कॉलोनियां काटने वाले कॉलोनाइजरों की शिकायत की थी. इसके बाद कुछ कॉलोनाइजर भी लगातार धमकियां दे रहे हैं. मैंने जो भी मुद्दे उठाए, वे सभी जनहित के हैं. धमकियां मिलने से जान से खतरा है. इसलिए कलेक्टर को आवेदन देकर गनमैन मांगा है.

> भोपाल जिला पंचायत की मीटिंग में उपाध्यक्ष जाट ने खनिज खदानों के आसपास तार फेंसिंग नहीं होने और अवैध खनन का मुद्दा उठाया था. उपाध्यक्ष जाट खनिज विभाग के अफसरों पर जमकर भड़के थे. उन्होंने कहा था कि सरकार पौधे रोप रही है. अभियान चला रही है. हमने भी जंगल और गांवों में पौधे रोपे, लेकिन खनिज खदानों के आसपास से इन्हीं पौधों को उखाड़ दिया गया. मेरे पास इसके सबूत हैं. यदि मैं गलत हूं तो इस्तीफा दे दूंगा. उन्होंने कहा था कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है. जिम्मेदार अफसरों का इस ओर ध्यान नहीं है. हमने जहां पर पौधे रोपे, उन्हें ही खनिज खदान संचालकों ने जेसीबी से उखड़वाकर फेंक दिया, जबकि खदान की निश्चित सीमा होती है और तार फेंसिंग कराना पड़ती है.

# सिलवानी में स्टेट हाईवे पर किसानों ने लगाया जाम

## मूंग उपार्जन केंद्र में जगह की कमी होने से आक्रोशित हो गए किसान, अफसरों की समझाइश पर माने

**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी 18 जुलाई.** स्टेट हाइवे 44 स्थित पटेल वेयर हाउस के सामने किसानों ने जाम लगा दिया. जाम लगने से मार्ग के दोनो तरफ वाहनों की कतार लग गई. मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों से बात कर जाम को समाप्त कराया. जाम समाप्त होने से यातायात सुचारु हो सका. यहां पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे.

जानकारी के अनुसार डुगंरिया स्थित वेयर हाउस जिसे कि मूंग उपार्जन केंद्र बनाया गया है. जहां कि बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर- ट्रालियों में भर कर मूंग ला रहे हैं. बताया जा रहा है कि वेयर हाउस परिसर में वाहनो की संख्या अधिक होने से किसानो को आवागमन में परेशानी हो रही थी जिससे किसान आक्रोशित हो गए तथा स्टेट हाईवे 44 सिलवानी- उदयपुरा मार्ग पर बैठ कर चक्काजाम कर दिया. जाम लगने से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई. जानकरी मिलने पर एसडीएम पीसी शाक्य, एसडीओपी अनिल मौर्य, तहसीलदार सुधीर शुक्ला मौके पर पहुंचे तथा किसानों से बात की. अधिकारियो की समझाइश पर किसानों ने जाम को समाप्त कर दिया.

> एसडीएम पीसी शाक्य ने बताया कि डुंगरिया स्थित पटेल वेयर हाउस को मूंग उपार्जन केंद्र बताया गया है जहां शुक्रवार को जगह की समस्या के चलते नाराज किसानों ने हाइवे पर बैठ कर जाम लगा दिया. मौके पर पहुंच कर किसानों से चर्चा की गई. चर्चा से संतुष्ट किसानों ने जाम को समाप्त किया.



# 'रोकस' बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**बैरसिया, 18 जुलाई. बैरसिया सिविल अस्पताल में शुक्रवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई. बैठक में विधायक विष्णुखत्री मुख्य जिला चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, एसडीएम आशुतोष शर्मा के अलावा रोगी कल्याण समिति के सदस्य शामिल थे.**

बीएमओ डॉ. पुष्पा गुरु ने अस्पताल व्यवस्थाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को समिति के समक्ष रखा. इनमें रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्टॉफ की कमी, अस्पताल परिसर की दुकानों के किराये की वसूली, अस्पताल परिसर से गंदे पानी की निकासी की स्थाई व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई.



### बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं

विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं. वहीं तय हुआ कि जो दुकानदार लंबे समय से किराया नहीं दे रहे हैं. उन्हें सात दिवस का समय दिया जाए, इसके उपरांत भी किराया जमा नहीं किया तो दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई की जाए. रोगी कल्याण समिति में दो नये सदस्य शामिल किए हैं. उनका भी स्वागत किया गया.

# नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी, स्टॉफ नर्स गिरफ्तार

**ग्वालियर, 18 जुलाई. जयारोग्य अस्पताल में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी के मामले में फरार चल रही स्टाफ नर्स उषा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी महिला ने एक दर्जन से अधिक लोगों से तीन लाख रुपये की रकम लेकर सरकारी नौकरी का झांसा दिया था.**

ग्वालियर-चंबल अंचल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जयारोग्य चिकित्सालय समूह में कार्यरत नर्स उषा ने करीब 15 लोगों को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लिए. जब पीड़ितों की नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और कम्पू थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था.



लंबे समय से फरार चल रही आरोपी नर्स की लोकेशन पुलिस को तकनीकी जांच में झांसी और ग्वालियर के बीच मिली.

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कम्पू और बहोड़ापुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बहोड़ापुर क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है.

## एक नजर में

### राहवीर योजना को लेकर 23 को होगा प्रजेंटेशन

**भोपाल.** सक दुर्घटना पीतिों का नकदी रहित उपचार स्कीम, 2025 एवं राह-वीर योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक 23 जुलाई को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी. बैठक में परिवहन, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोनों योजनाओं के संबंध में प्रजेंटेशन दिया जायेगा.

### भोजपुर में सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर चोरी

**रायसेन.** जिले के थाना ओबेदुल्लागंज अंतर्गत पुलिस चौकी भोजपुर के तहत बीती रात भोजपुर में ही एक सीआरपीएफ के जवान मुकेश सिलावट के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया. चोर गिरोह द्वारा मेनगेट का ताला तोड़कर खिड़की के ग्रिल को तोड़कर घुस गया. कमरे में रखी गोदरेज के लॉकअप के रॉड से ताले चटखाकर उसमें रखा करीब 10 तोला सोना सहित चांदी के जेवरात ले गए. ओबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि भोजपुर में सीआरपीएफ के जवान मुकेश सिलावट का मकान सूना था. जवान मुकेश सिलावट अपने परिवार सहित बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन गए थे. घर लौटने पर चोरी होने के बारे में पता चला. घर के बाहर, अंदर लगे सीसीटीवी में चोरी की वारदात कैमरे में कैद हो गई है. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

# पटेल नगर में सड़क में धंसी सिटी बस

**भोपाल, 18 जुलाई.** राजधानी में बारिश के सीजन में लगातार धस रहीं सड़कों ने लोक निर्माण विभाग की कलई खोल दी है. पटेल नगर में शुक्रवार को मुख्य सड़क पर एक सिटी बस सड़क में बने गड्ढे में धंस गई. जैसे सवारियों से भरी बस ने टर्न लिया, अचानक बस के दोनों पहिए गड्ढे में धंस गए. लेकिन गनीमत रही कि कोई घायल नहीं हुआ. राजधानी की खस्ताहाल सड़कों की बदहाली और प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. गौरतलब है कि इसके पहले भोपाल में गुरुवार को ज्योति टॉकीज के पास सड़क धंसने से लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था.

- हादसा टला
- लोनिवि की खुली पोल



### भाजपा सरकार के मंत्री को जल समाधि लेनी चाहिए : पटवारी

मध्य प्रदेश में बारिश के मौसम में सड़कों पर हो रहे गड्ढे को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर निशाना साधा है. कांग्रेस चीफ ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, 'मध्य प्रदेश में 50 फीसदी कमीशन पर काम हो रहे हैं, ऐसे में गुणवत्ता कैसे आएगी. जिम्मेदार मंत्री कह रहे हैं कि सड़क होगी तो गड्ढे रहेंगे. मतलब सीधा साफ है कि भ्रष्टाचार एमपी में जारी रहेगा. मंत्री को मध्य प्रदेश की सड़कों में हो रहे गड्ढों में जल समाधि ले लेनी चाहिए.

# प्राथमिक शिक्षक भर्ती के सिलेबस में बदलाव

**भोपाल, 18 जुलाई.** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक के 10,150 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है. इसके अलावा जनजातीय विभाग के 2,939 पदों पर भी नियुक्तियां की जाएंगी. लेकिन परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की परेशानी बढ़ गई है. दरअसल भर्ती के नोटिफिकेशन से पहले सिलेबस में बदलाव किया गया है. सिलेबस में अब अंग्रेजी का पेपर देना अनिवार्य कर दिया गया है. दरअसल पहले इसमें ऑप्शन दिया जाता था कि अभ्यर्थी या तो अंग्रेजी चुने या संस्कृत, लेकिन अब संस्कृत को हटा दिया गया है. अंग्रेजी को अनिवार्य कर दिया गया है.

### आईपीएल सिलेक्शन के लिए 12 लाख ठगे



**इंदौर.** मध्य प्रदेश के इंदौर में एक युवा किकेटर के सपनों को ठग ने छल के जाल में फंसा दिया. आईपीएल और रणजी ट्रॉफी में चयन का झांसा देकर एक युवक से करीब 12 लाख 90 हजार रुपये की ठगी की गई. पूरा मामला लसूडिया थाना क्षेत्र का है. पीड़ित किकेटर चंद्रशेखर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पेशेवर किकेट खेलने का सपना देखता है. इसी दौरान वह महाराष्ट्र के नागपुर गया था, जहां उसकी मुलाकात अभिषेक नाम के एक व्यक्ति से हुई. आरोपी ने खुद को खेल जगत से जुड़ा बताते हुए भरोसा दिलाया कि वह चंद्रशेखर का सिलेक्शन आईपीएल और रणजी ट्रॉफी में करवा सकता है. ठग ने सिलेक्शन की प्रकिया का बहाना बनाकर तीन किश्तों में 12 लाख 90 हजार रुपए चंद्रशेखर से वसूले, जो आरोपी ने अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर करवाए. जब काफी समय बीत जाने के बाद भी खिलाड़ी का किसी टीम में चयन नहीं हुआ तो उसने पैसे वापस मांगे. लेकिन आरोपी ने रुपए लौटाने से मना कर दिया.

# वर्किंग प्लान पर नहीं किया काम

**भोपाल, 18 जुलाई. भोपाल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह और पुलिस कमिश्नर हरि नारायणचारी मिश्रा के साथ समीक्षा बैठक की.**

सांसद शर्मा ने पिछली बैठक में दिए गए बिंदुओं पर वर्किंग प्लान तैयार करके नहीं आने पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को फटकार लगाई. उन्होंने कहा कि अधिकारी बैठक में जब भी आएं, तैयारी के साथ आएं. सांसद शर्मा ने कहा कि एक सप्ताह में लेफ्ट टर्न व्यवस्था सुधारने का प्लान एस्टीमेट के साथ तैयार करें. शहर के 42 चौराहे हैं, जिनमें लेफ्ट टर्न की समस्या है. इनमें 29 चौराहे पीडब्ल्यूडी और 13 नगर निगम के है. दोनों विभाग के अधिकारी मैनिट के यातायात विशेषज्ञ के साथ मिलकर इन सभी चौराहों की रिपोर्ट एस्टीमेट के साथ प्रस्तुत करेंगे. कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह से ई रिक्शा स्कूलों में प्रतिबंधित करने को कहा. उन्होंने कहा छोटे बच्चों को ई रिक्शा में बैठाकर स्कूल भेजना ठीक नहीं है. अतिक्रमण और सड़कों से कंडम वाहन हटाने की मुहिम की भी समीक्षा की गई. ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया की बारिश की वजह से दो-तीन दिन अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका. लेकिन यह मुहिम जारी है. सांसद शर्मा ने सड़कों पर बेतरतीव तरीके से लगाए गए विद्युत ट्रांसफार्मर और खंबों को हटाने कलेक्टर को निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में इसके लिए नई पॉलिसी बनाने पर चर्चा हुई थी. इस पर अधिकारियों ने बताया कि विद्युत विभाग की कमेटी बन चुकी है. इसकी एक बैठक भी हो चुकी है.

**सांसद शर्मा की पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को फटकार**

**स्कूलों में प्रतिबंधित होंगे ई-रिक्शा**

# नर्स को गोली मारने वाले डॉक्टर को उम्रकैद

## नर्स ने शादी से कर दिया था इंकार, विशेष अदालत ने सुनाई सजा

**जबलपुर, 18 जुलाई.** एक नर्स द्वारा शादी से इंकार करने पर गोली मारकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी डॉ. संदीप सोनी को विशेष अदालत ने दोषी करार दिया है. एसटी-एससी के विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित की अदालत ने आरोपी डॉ. संदीप सोनी को आजीवन कारावास व सात हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है.

अदालत के समक्ष अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक नविता पिल्लई ने पक्ष रखा. आरोपी डॉ. संदीप सोनी कटनी में श्रीराम अस्पताल में डॉक्टर के पद पर पदस्थ था. जहां पीड़िता माधुरी चौधरी नर्स थी. जिस कारण दोनों में दोस्ती हो गई. पीड़िता के पिता के बीमार होने पर आरोपी डॉ. ने रुपयों की मदद की थी. इसके बाद जब पीड़िता ने दी हुई उक्त मदद राशि वापस करनी चाही तो आरोपी ने राशि लेने से मना कर दिया और शादी प्रस्ताव रखा. जिसे पीड़िता माधुरी ने ठुकरा दिया और कहा कि वह अपने परिजनों की पसंद से ही शादी करेगी. इसके बाद पीड़िता कटनी से नौकरी छोड़कर जबलपुर अस्पताल में काम करने लगी. वहीं आरोपी डॉक्टर भी नौकरी छोड़कर जबलपुर के शुभ सागर अस्पताल में काम करने लगा. इतना ही नहीं आरोपी पीड़िता पर फोन करने के लिये दवाब बनाने लगा, उसके मना करने पर आरोपी डराने धमकाने लगा. 7 फरवरी 2024 को जब पीड़िता माधुरी अपनी ड्यूटी कर सुबह करीब नौ बजे घर लौट रहीं थी, उसी समय रसल चौक स्थित समदड़िया इन होटल के समीप उसे गोली मार दी गई.

### शरीर के निचले हिस्से ने काम करना किया बंद

अदालत को बताया गया कि पीड़िता को गोली मारी गई थी, जिसमें एक गोली उसकी बड़ी आंत में लगी थी, जिसे ऑपरेशन कर बाहर निकाला गया और दूसरी गोली उसकी रीढ़ की हड्डी में फंसी हुई है, जिससे उसके शरीर का निचले हिस्सा पूरी तरह काम नहीं कर रहा है. प्रकरण में प्रस्तुत वैज्ञानिक साक्ष्य (सकारात्मक बायोलॉजिकल रिपोर्ट, बैलेस्टिक रिपोर्ट) एवं मौखिक साक्ष्य के संबंध में अभियोजन द्वारा लिखित अंतिम तर्क प्रस्तुत किये गये. जिसके बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई.

**मांग** ▶ भोपाल कलेक्टर को 17 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा

# भोपाल रियासत की मर्जर संपत्ति की खरीद-बिक्री पर रोक लगाएं

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 जुलाई. भोपाल रियासत की विवादित मर्जर संपत्ति, शत्रु संपत्ति, इनायतनामा संपत्ति, हिब्बानामा संपत्ति सहित विवादित नवानी संपत्ति के विवादों का निराकरण होने तक इन संपत्तियों की खरीदी-बिक्री, सहित बिल्डिंग परमिशन, प्रापर्टी हस्तांतरण, नामांतरण सहित रजिस्ट्री पर रोक तत्काल लगाया जाना चाहिए.**

इस संबंध में समाज सेवी और कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अमिताभ अग्निहोत्री ने शुक्रवार को भोपाल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है. 17 बिंदुओं और 47 पेज के ज्ञापन में कहा गया है कि भोपाल की विवादित मर्जर संपत्ति के विवाद पर हाईकोर्ट जबलपुर ने एक पिटीशन पर 16 जनवरी 2002 के आदेश में भोपाल की विवादित मर्जर भूमि के खरीद-बिक्री, परमिशन, हस्तांतरण पर रोक लगा दी थी, जिसके परिपालन में तत्कालीन कलेक्टर भोपाल ने 23 मार्च 2002 से मर्जर संपत्तियों के नामांतरण, खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी थी.

**ज्ञापन में कहा- हाईकोर्ट ने नामांतरण पर लगाई थी रोक**

**तत्कालीन कलेक्टर ने 2002 में भी लगाई थी रोक**

ज्ञापन में कहा गया है कि भारत सरकार के कस्टोडियन का एनीमी प्रॉपर्टी ऑफ इंडिया कस्टोडियन कार्यालय मुंबई द्वारा 24 फरवरी 2015 को एक्ट के तहत भोपाल नवाब की चल-अचल संपत्ति का उत्तराधिकारी आबिदा सुल्तान बेगम को घोषित कर आबिदा सुल्तान को पाकिस्तानी नागरिकता के आधार पर भोपाल नवाब की चल-अचल संपत्ति को शत्रु संपत्ति माना गया, लेकिन इस नोटिफिकेशन का राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा पालन क्यों नहीं किया गया.

> ज्ञापन में कहा गया है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 8 मई 2025 को सूचित किया है कि भोपाल के तत्कालीन नवाब हमीदुल्लाह खान की संपत्तियों में पाकिस्तानी नागरिक आबिदा बेगम और आफताब जहां बेगम को विरासत, हस्तांतरण हुई हिस्सेदारी संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है. इसलिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन से मांग है कि केंद्र सरकार के इस आदेश का पालन कर पाकिस्तानी नागरिक आबिदा सुल्तान और आफताब जहां बेगम की संपत्तियों को तत्काल शत्रु संपत्ति घोषित किया जाये. ज्ञापन में सवाल उठाया गया है कि भोपाल रियासत की शत्रु संपत्ति के मामले में राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा 24 मार्च 2025 को राज्य सरकार को भेजे गये पत्र पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने अब तक कार्यवाही क्यों नहीं की. ज्ञापन में ऐसी शत्रु संपत्तियों का बाकायदा ब्यौरा भी दिया गया है. साथ ही इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भारत सरकार के शत्रु संपत्ति कार्यालय के पत्र के मुताबिक वर्तमान में भोपाल सहित सभी जिलों में ऐसी संपत्तियों का पता लगाने के लिये संयुक्त निरीक्षण चल रहा है. इस संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग भी की गई है.

# सीएमएचओ समेत डॉक्टर ब्लैकमेलिंग का शिकार

**जबलपुर, 18 जुलाई.** नर्सिंग होम एवं चिकित्सकों को ब्लैकमेल करने संगठित गिरोह के खिलाफ डॉक्टरों ने मोर्चा खोल दिया है. डॉक्टरों का कहना है कि गिरोह सीएमएचओ डॉक्टर संजय मिश्रा व अन्य सभी डॉक्टर को ब्लैकमेल कर रहा है, अनुचित तरीकों से दबाव डाल रहा है और गलत शिकायतें कर रहा हैं, इससे सभी डॉक्टर्स मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं व अपना कामकाज छोड़कर एसपी ऑफिस में अपनी बात रखने पहुंचे. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पूर्व में भी थाने में शिकायत की गई थी लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. अगर आप एक्शन नहीं होता है तो 1300 डॉक्टर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे.


भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

सूचना

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर 01.04.2025 से शुरू हो चुकी है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के योग्य हैं। 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2025 तक), जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिए पात्र है। किसी भी नागरिक से खुले नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशों, दोनों पर विचार किया जाएगा बशर्ते वे ऑनलाइन किए गए हों। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.08.2025 है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) देखें।

CBC46101/11/0014/2526